प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 06.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड समेत देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है रामनवमी का त्योहार, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी देशवासियों को बधाई।
2. राज्य के सभी जिलों में धार्मिक संगठन ढोल–नगाड़ों और अस्त्रों के साथ निकालेंगे रामनवमी की शोभायात्रा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के तपोवन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।
3. भाजपा मना रही अपना 45वां स्थापना दिवस, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई।
4. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा– राज्य की एकमात्र बीज प्रसंस्करण ईकाई का संचालन जल्द होगा शुरू।
5. विश्व मुक्केबाजी में भारत ने जीता स्वर्ण, हितेश गुलिया ने इंग्लैंड के ओडेल कामरा को पांच शून्य से किया पराजित।

**********************

रामनवमी का त्योहार आज राज्य के सभी जिलों सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर राज्य के विभिन्न जिलों में शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

राजधानी रांची का भव्य जुलूस निकलना शुरू हो चुका है। धार्मिक संगठन ढोल–नगाड़े और अस्त्रों के साथ शोभा यात्रा निकाल रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के तपोवन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

हजारीबाग में रामनवमी का उत्साह चरम पर है। इसे लेकर एक ओर विभिन्न अखाड़ों की तैयारी चल रही है तो दूसरी ओर जिला प्रशासन ने भी अपनी व्यापक तैयारी कर ली है। वहीं स्पेशल ब्रांच समेत कई अन्य एजेंसियां भी हजारीबाग में सक्रिय हो गई है. जब पूरे देश में रामनवमी समाप्त होता है तो हजारीबाग में शुरू होता है।

देवघर के बाबा मंदिर समेत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के चौक–चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर के अलावा सभी प्रमुख अखाड़ों में रामनवमी को लेकर हनुमान जी की विशेष पूजा की जा रही है।

राम जन्मोत्सव के अवसर पर आज संपूर्ण जामताड़ा जिले में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान मंदिरों एवं पूजा स्थलों में पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि, स्वस्थ जीवन, शांति एवं विश्व कल्याण की कामना कर रहे हैं।

**********************

भाजपा आज अपना स्थापना दिवस भी मना रही है। कार्यकर्ता रामनवमी के साथ स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके कड़े परिश्रम, संघर्ष और पार्टी को खड़ा करने के लिए किए गए त्याग के लिए धन्यवाद दिया। श्री नड्डा ने भाजपा को राष्ट्रव्यापी बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया है।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा भाजपा ने स्थापना काल से ही देशहित को अपना उद्देश्य बनाया है

इधर झारखंड भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि झारखंड भाजपा गांव और बस्ती चलो अभियान के जरिए चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने का काम करेगी।

**********************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ईटकी के तिलकसूती गांव में 12 वर्षों से बंद पड़े बीज प्रसंस्करण ईकाई को जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिया है। बता दें कि यह ईकाई राज्य का एकमात्र बीज प्रसंस्करण केंद्र है। इस केंद्र के निरीक्षण के दौरान कल कृषि मंत्री ने बताया कि इस केंद्र को चलाने का जिम्मा सिडको फेड सोसाइटी को सौंपा जाएगा और आने वाले समय में रांची जिला वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट मिशन के तहत कार्य किया जाएगा।

**********************

देवघर के कुंडा स्थित मेधा सेवा सदन में बिल नहीं चुकाने पर लाश को बंधक बनाने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल संचालक डॉ. संजय कुमार से मामले की जानकारी ली।

**********************

धनबाद रेल मंडल ने इंटरलॉकिंग के कारण कई ट्रेनों के परिचालन को रद्द किया है। 13 अप्रैल से 23 अप्रैल तक प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन भुवनेश्वर धनबाद जंक्शन के परिचालन को रद्द किया गया है। वहीं धनबाद जंक्शन भुवनेश्वर रेल के परिचालन को 14 से 24 अप्रैल तक रद्द किया है।

**********************

आधुनिक इंटरनेट युग की दुनिया में रचनात्मक संभावनाओं को युवा सोच के लिए खोलते हुए, वेव्स नया मंच प्रदान कर रहा है।

वेव्स का आयोजन जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चिह्नित किया गया है।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 82 हजार 690 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत 95 हजार प्रति किलो रहेगी।

**********************

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में आज मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार कल से फिर से राज्य के उत्तर–पूर्वी जिलों में मौसम में बदलाव होने की सम्भावना है। देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहेबगंज शामिल है। इन जिलों के कुछ इलाकों में गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किमी की गति से हवा चलने की आशंका है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग ने राज्य के अन्य कई इलाकों के लिए भी वज्रपात, गर्जन और 40–50 किमी की गति से तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********************

विश्व मुक्केबाजी का स्वर्ण भारत के हितेश गुलिया ने जीत लिया है। आज ब्राजील में पुरुषों के 70 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में, हितेश ने इंग्लैंड के ओडेल कामरा को एकतरफा मुकाबले में पांच–शून्य से पराजित किया।

प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने पुरुषों के 65 किलोग्राम भारवर्ग में रजत जीता।

भारत के मनीष राठौर ने कल पुरुषों के 55 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य जीता था।

**********************

भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआइ) की ओर से गुजरात के नाडियाड में आयोजित भारतीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप–2025 में देवघर के रामानंद सिंह ने डिस्कस थ्रो में 49 दशमलव 01 मीटर दूर थ्रो कर झारखंड टीम के लिए कांस्य पदक जीता है।

*****************